राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–247/2024

राज्यपाल से पटना विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की

पटना, 29 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से पटना विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की तथा छात्रों के अनशन को समाप्त कराने हेतु उनके सार्थक प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके समुचित निराकरण का आश्वासन दिया। छात्र प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को दिये गए निदेश के आलोक में आंदोलनरत छात्रों ने अपना अनशन समाप्त कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने 28 नवम्बर को राजभवन में पटना विश्वविद्यालय प्रशासन एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर छात्रावासों की मरम्मति एवं छात्रों को उनका आवंटन, छात्रसंघ चुनाव आदि से संबंधित अनेक निदेश दिये थे।

....